दैनिक भास्कर

बुरहानपुर 19-06-2025

## नेपा लिमिटेड में सीपीआर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

# आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षा के लिए विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक की अध्यक्षता में प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में बुधवार को सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों के तहत आयोजित किया गया। सत्र में जमशेदपुर के ख्यात चिकित्सक डॉ. गुरजीत सिंह ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर हृदयाघात, गैस्ट्रिक समस्या और छाती के सामान्य दर्द के बीच अंतर को स्पष्ट रूप से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार किस प्रकार जीवन रक्षा में निर्णायक सिद्ध हो सकता है। प्रतिभागी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रश्नों के उन्होंने



विशेषज्ञों ने सत्र में विभिन्न जानकारी से अवगत कराया।

सटीक एवं संतोषजनक उत्तर दिए। इससे सत्र अत्यंत प्रभावशाली रहा। इसके बाद नेपा लिमिटेड अस्पताल के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मसूद मशरूवाला ने सीपीआर की व्यावहारिक प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सांस रुकने, हृदय गति थमने, अचानक बेहोशी या डूबने जैसी परिस्थितियों में सीपीआर देना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने उपस्थितजनों को सीपीआर के सही तरीके, सावधानियों और समय की महत्ता की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के अंत में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में आपात स्थिति से निपटने की जागरुकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ता है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सार्थक प्रयास बताया। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालु, प्रबंधक वित्त, आईटी संजीव कानडे, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# नेपा लिमिटेड में सीपीआर जागरूकता सत्र का आयोजन

## आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक जानकारी हेतु विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले**

**बुरहानपुर/नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक की अध्यक्षता में प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में बुधवार को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत आयोजित किया गया। सत्र में जमशेदपुर के ख्यात चिकित्सक डॉ.गुरजीत सिंह ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर हृदयाघात,गैस्ट्रिक समस्या और छाती के सामान्य दर्द के बीच अंतर को स्पष्ट रूप से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार किस प्रकार जीवन रक्षा में निर्णायक सिद्ध हो सकता है। प्रतिभागी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रश्नों के उन्होंने सटीक एवं संतोषजनक उत्तर दिए, जिससे सत्र अत्यंत प्रभावशाली रहा। इसके बाद नेपा लिमिटेड अस्पताल के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ.मसूद मशरूवाला ने सीपीआर की व्यावहारिक प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सांस रुकने,हृदय गति थमने,अचानक बेहोशी या डूबने जैसी परिस्थितियों में सीपीआर देना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने उपस्थितजनों को सीपीआर के सही तरीके,सावधानियों और समय की महत्ता की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के अंत में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में आपात स्थिति से निपटने की जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ता है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सार्थक प्रयास बताया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने किया। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख,प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव,प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालु,प्रबंधक वित्त एवं आईटी संजीव कानडे,प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा,उप प्रबंधक सतर्कता विजेंद्र चौधरी,सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले,डीपी मिश्रा,एपी शुक्ला,दीपक सिंह ठाकुर,आशुतोष मिश्रा,सुनील राव,युवराज मोदी,देवेंद्र कुमार पांडेय,मिलिंद किरंगे,देवीदास लोखंडे, रमेश तायड़े,सुरेश रघुवंशी,आदित्य तिवारी,गणेश दीक्षित,प्रतीक गणेचर,संदीप माले,मीत भट्ट सहित कई अफसर कर्मी मौजूद रहे।

# नेपा लिमिटेड में सीपीआर जागरूकता सत्र का आयोजन

## आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक जानकारी हेतु विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



रिपोर्ट - नरेश चौकसे

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक की अध्यक्षता में प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में बुधवार को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 11 वे अंतरराष्टीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत आयोजित किया गया। सत्र में जमशेदपुर के ख्यात चिकित्सक डॉ. गुरजीत सिंह ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर ह्दयाघात, गैस्ट्रिक समस्या और छाती के सामान्य दर्द के बीच अंतर को स्पष्ट रूप से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार किस प्रकार जीवन रक्षा में निर्णायक सिद्ध हो सकता है। प्रतिभागी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रश्नों के उन्होंने सटीक एवं संतोषजनक उत्तर दिए, जिससे सत्र अत्यंत प्रभावशाली रहा।

इसके बाद नेपा लिमिटेड अस्पताल के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मसूद मशरूवाला ने सीपीआर की व्यावहारिक प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सांस रुकने, ह्दय गति थमने, अचानक बेहोशी या डूबने जैसी परिस्थितियों में सीपीआर देना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने उपस्थितजनों को सीपीआर के सही तरीके, सावधानियों और समय की महत्ता की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के अंत में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में आपात स्थिति से निपटने की जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ता है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सार्थक प्रयास बताया।

कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने किया। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक वित्त एवं आईटी संजीव कानडे, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा, उप प्रबंधक सतर्कता विजेंद्र चौधरी, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, डीपी मिश्रा, एपी शुक्ला, दीपक सिंह ठाकुर, आशुतोष मिश्रा, सुनील राव, युवराज मोदी, देवेंद्र कुमार पांडेय, मिलिंद किरंगे, देवीदास लोखंडे, रमेश तायड़े, सुरेश रघुवंशी, आदित्य तिवारी, गणेश दीक्षित, प्रतीक गणेचर, संदीप माले, मीत भट्ट सहित कई अफसर कर्मी मौजूद रहे।

**बैठक आयोजित** | **नेपा लिमिटेड में हुआ सीपीआर जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन**

# सीपीआर की प्रक्रिया को लेकर दिया प्रशिक्षण



बैठक में उपस्थित।

नेपानगर ■ राज न्यूज नेटवर्क

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक की अध्यक्षता में प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में बुधवार को सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत आयोजित किया गया।

सत्र में जमशेदपुर के ख्यात चिकित्सक डॉ.गुरजीत सिंह ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर हृदयाघात, गैस्ट्रिक समस्या और छाती की सामान्य दर्द के बीच अंतर को स्पष्ट रुप से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार किस प्रकार जीवन रक्षा में निर्णायक सिद्ध हो सकता है। प्रतिभागी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रश्नों के उन्होंने सटीक एवं संतोषजनक उत्तर दिए, जिससे सत्र अत्यंत प्रभावशाली रहा।इसके बाद नेपा लिमिटेड अस्पताल के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ.मसूद मशरुवाला ने सीपीआर की व्यावहारिक प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सांस रुकने, हृदय गति थमने, अचानक बेहोशी या डूबने जैसी परिस्थितियों में सीपीआर देना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने उपस्थितजनों को सीपीआर के सही तरीके सावधानियों और समय की महत्ता की जानकारी दी।

प्रशिक्षण सत्र के अंत में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में आपात स्थिति से निपटने की जागरुकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ता है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सार्थक प्रयास बताया।

## बैठक में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने किया। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक वित्त एवं आईटी संजीव कानडे, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा, उप प्रबंधक सतर्कता विजेंद्र चौधरी, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, डीपी मिश्रा, एपी शुक्ला, दीपक सिंह ठाकुर, आशुतोष मिश्रा, सुनील राव, युवराज मोदी, देवेंद्र कुमार पांडेय, मिलिंद किरंगे, देवीदास लोखंडे, रमेश तायड़े, सुरेश रघुवंशी, आदित्य तिवारी, गणेश दीक्षित, प्रतीक गणेचर, संदीप माले और मीत भट्ट सहित कई अफसरकर्मी मौजूद रहे।

**पत्रिका**

**जागरूकता सत्र** | **जमशेदपुर के ख्यात चिकित्सक डॉ. गुरजीत सिंह ने वर्चुअल जुड़कर दी जानकारी**

# सांस रुकने, हृदय गति थमने, अचानक बेहोशी या डूबने पर सीपीआर आवश्यक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक की अध्यक्षता में प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में बुधवार को सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों के तहत किया गया।

सत्र में जमशेदपुर के ख्यात चिकित्सक डॉ. गुरजीत सिंह ने वर्चुअल जुडकर हृदयाघात, गैस्ट्रिक समस्या और छाती के सामान्य दर्द के बीच अंतर को स्पष्ट रूप से समझाया।

## आपात स्थिति में त्वरित उपचार

उन्होंने यह भी बताया कि आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार किस प्रकार जीवन रक्षा में निर्णायक सिद्ध हो सकता है। नेपा लिमिटेड अस्पताल के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मसूद मशरूवाला ने सीपीआर की व्यावहारिक प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। सांस रुकने, हृदय गति थमने,



अचानक बेहोशी या डूबने जैसी परिस्थितियों में सीपीआर देना आवश्यक होता है। उन्होंने सीपीआर के सही तरीके, सावधानियों और समय की महत्ता की जानकारी दी। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में आपात स्थिति से निपटने की जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ता है। संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू आदि मौजूद रहे।

19/06/2025 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/